प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

भारत मंडपम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 का उद्घाटन करेंगे। चार दिन के इस आयोजन में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, खाद्य स्थिरता और पौष्टिक और जैविक खाद्य उत्पादन में भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में परिवर्तनकारी यात्रा को प्रदर्शित करेगा और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और निवेश के अवसरों को भी बढ़ावा देगा।

इस वैश्विक खाद्य आयोजन में 21 से अधिक देशों, 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा दस केंद्रीय मंत्रालयों की भागीदारी होगी। यह भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में हितधारकों का सबसे बड़ा सम्मेलन है।

सेवा पर्व–रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवाचारों के माध्यम से भारत के रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में रक्षक क्षेत्र में नवाचार पर विशेष ध्यान दिया है रक्षा उत्कृष्ट के लिए नवाचार आईडीईएक्स पहला अप्रैल 2018 में शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देने वाले स्थिति की तंत्र का निर्माण करना था यह महाबलीपुरम में डिफेंस एक्सपो का उद्घाटन और अध्यक्ष का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रौद्योगिकी नवाचार अनुसंधान एवं विकास के लिए सरकार के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम स्टार्टअप व्यक्तिगत नव प्रवर्तकों अनुसंधान एवं विकास संस्थाओं और शिक्षा जगत को शामिल करके आईडीईएक्स ने अत्यंत प्रौद्योगिकियों के विकास में सहायता के लिए डेढ़ करोड़ रुपए तक का अनुदान प्रदान किया है अपने प्रभाव को मजबूत करते हुए सशस्त्र बलों ने आइडिया समर्थ स्टार्टअप्स और एमएसएमई से 24 करोड रुपए से अधिक मूल्य की 43 वस्तु में खरीदी है जो रक्षा तैयारी के लिए स्वदेशी नवाचार में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार चम्बा जिला की दुर्गम पांगी घाटी के धनवास में साढ़े 10 करोड़ रुपये की लागत से एक मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि इस संयत्र से क्षेत्र की 19 पंचायतों को सर्दी में भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध रहेगी । उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पांगी घाटी के समग्र विकास को नई गति और दिशा मिलेगी।

## मानक महोत्सव

विश्व मानक दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो ने पावटा साहिब में मानक महोत्सव आयोजित किया, जिसमें विधायक सुखराम चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सर्वोतम प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों, ज्वैलर्स व स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष मॉनसून के दौरान प्रदेश भर में सामान्य से 42 फीसदी अधिक बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30 सितंबर तक मौसम के साफ रहने की संभावना है।

इस बीच भारी बरसात से चम्बा जिला में जल शक्ति विभाग को लगभग एक सौ 35 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। विभाग की 9 सौ एक पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। जिसके चलते कई क्षेत्रों में लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला की शीर्षक है–राज्य चयन आयोग के भर्ती नियम बदले, सीसीटीवी की निगरानी में होंगी परीक्षाएं।

दैनिक भास्कर, दिव्य हिमाचल, आपका फैसला की जैसी सुर्खी है–हाउस ऑफ लॉडर्स में संबोधित करने वाले देश के पहले सीएम बने सुक्खू।

पंजाब केसरी की एक ख़बर है–कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक को ईडी का नोटिस।

———————————